तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026

[अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज]

2 बदहाल सड़क की मरम्मत के लिए एक जुट हुए ग्रामीण, खुद कर रहे मरम्मत

गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने किया दीप प्रज्ज्वलन

आशीर्वाद के लाखों दीपों से जगमगाया सरगुजा सेवा और समर्पण का लिया गया संकल्प

दीप प्रज्जलित करते पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदव, महापौर व अन्य।

स्टेडियम ग्राउण्ड की सीढ़ियों पर जगमगाता आशीर्वाद के दीए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- शासकीय कार्यालयों, धार्मिक स्थलों, मंदिरों, चौक-चौराहों, अमृत सरोवरों सहित विभिन्न स्थलों में प्रज्ज्वलित हुए दीए, घर-घर हुए रोशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार शाम 7 बजे आशीर्वाद का दीया पहल के अंतर्गत प्रदेशभर में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया गया। घरों के साथ-साथ अमृत सरोवरों, शासकीय कार्यालयों, धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों तथा चौक-चौराहों सहित अन्य स्थलों में पांच लाख दीप प्रज्वलित किए गए।

इस दौरान सेवा, समर्पण, आभार, सकारात्मकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। यहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर इस अभियान में सहभागिता ली। उन्होंने कहा कि दीप भारतीय संस्कृति में प्रकाश, आशा, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरगुजा की जनता की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक एक माह चलेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति शासकीय योजना के लाभ से वंचित है, तो शासन और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि आज अलग-अलग स्थानों पर एक साथ प्रज्वलित हुए, दीप जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प की भावना के प्रतीक हैं। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि आज हम सभी को बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि लाखों दीयों से पूरा सरगुजा जगमगाने लगा है। यह दीया एकमात्र दीया नहीं, बल्कि एक लंबी यात्रा और लंबे संकल्प का प्रतीक है। कलेक्टर अजीत वसंत ने उपस्थित जनों को बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक महीने तक पूरे जिले में इस अभियान का संचालन किया जाएगा।

इस दौरान गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिला प्रशासन से एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, ननि आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में नागरिकगण, विभिन्न स्कूलों के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

जपं में जगमाया आशीर्वाद का दीया

राजपुर। जपं द्वारा सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार शाम 7 बजे हाई स्कूल मैदान में विकासखंड स्तरीय आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य जनपद पंचायत राजपुर की 25 वर्षों की विकास यात्रा में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे, तहसीलदार नरेंद्र कंवर, एसडीओ जानू राम सोनवानी, प्राचार्य राजेश कश्यप, जय गोविंद तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। जनपद पंचायत के 25 वर्ष पूरे होने को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को याद किया गया। आयोजन में सेवा, सहयोग और विकास के साथ नई पीढ़ी को बेहतर दिशा देने की भावना भी प्रमुख रही। स्कूली विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सहभागिता से कार्यक्रम में विशेष उत्साह नजर आया।

जल संसाधन विभाग ने घुनघुट्टा बांध परिसर में मनाया सेवा संकल्प अभियान

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुआर को नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जल संसाधन विभाग द्वारा घुनघुट्टा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों द्वारा जल संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा जल के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति संकल्प लेते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्व. सहायता समूह की दीदियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रमदान के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाने और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देना रहा।

खबर संक्षेप

बाइक की टक्कर से बालिका घायल, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। घर के सामने खेल रही बालिका को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बालिका घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम करदोनी निवासी हरि प्रसाद नागेश आ. करमू राम 15 सितंबर की शाम 4 बजे पत्नी के साथ घर के सामने बैठा था जबकि उसकी 3 वर्षीया बालिका घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान शहर की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 4509 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बालिका का उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

धारदार हथियार लहरा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

अम्बिकापुर। बाबूपारा में धारदार हथियार कटार लहरा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गत दिन क्षेत्र में गश्त कर रहे मणिपुर पुलिस को सूचना मिली कि बाबूपारा में एक युवक धारदार कटार लेकर लोगों में दहशत फैला रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच और कटार लेकर आतंक मचा रहे मोहल्ले के ही सिद्धार्थ कुजूर आ. स्व. सीतापुर कुजूर को पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास रखे कटार को जब्त कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27, 125, 285, 292 के तहत अपराध दर्ज किया है।

साप्ताहिक बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

अम्बिकापुर। रनपुरकला निवासी संतोष कुमार यादव आ. शिव प्रसाद गत दिनों बाइक क्रमांक सीजी 07 सीए 4769 से ग्राम भिट्ठीकला साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। बाइक को पार्किंग में खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

अंबिकापुर। पिता की हत्या के आरोप में पुत्र को न्यायालय ने सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास के साथ ही 500 रूपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने जमीन के टुकड़े के लिए ही अपने पिता की हत्या की थी। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुतुरमा हाल मुकाम कालीघाट निवासी 55 वर्षीय नेतराम अजगले आ. रूपधर अजगले ने 10 अक्टूबर 2025 को अपने पिता की लकड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में यह बात सामने आई कि आरोपी नेतराम अपने पत्नी के सुखमती के साथ अंबिकापुर में रहता है जबकि मृतक अपने छोटे पुत्र जीतराम और बहु के साथ रहता था। घटना दिवस को आरोपी पत्नी के साथ गुतुरमा गया हुआ था और वहां उसने बाजार में अपने पिता की लकड़ी से वार कर हत्या कर दी थी। जांच में यह बात भी सामने आई कि छोटे भाई जीतराम की पत्नी दवारा ससुर की सेवा की जाती थी और इससे खुश होकर उसने अपनी छोटी बहु के नाम अपने हिस्सेकी जमने कर दी थी जिससे भी आरोपी नाराज था और पहले भी मारपीट कर चुका था। पिता की हत्या के आरोप में नेतराम अजगले आ. रूपधर को बीएनएस की धारा 103(1) के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस मामले में 17 सितम्बर को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना है और आरोपी को आजीवन करावास की सजा सुनाई है और 500 रूपए का अर्थदंड लगाया है।

तारा कोल माइंस मामले में पूर्व सीएम भूपेश ने दी सीएम साय को डीबेट की चुनौती

अंबिकापुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तारा कोल माइंस के आबंटन को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को डिबेट की खुली चुनौती दी है। सरगुजा प्रवास पर पहुंचे पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि तारा कोल ब्लाक को निरस्त करने के लिए हमने विधानसभा में संकल्प पारित किया है। भारत सरकार से 9 कोल ब्लाक को नीलामी से बाहर करने के लिए हमने पत्र लिखा उसके बाद कोल मंत्री सरगुजा आए थे, सीएम कार्यालय में मेरी और अधिकारियों की उनसे मुलाकात हुई थी। इस दौरान हमने आग्रह किया था कि यह घना जंगल है और यहां खुदाई कर कोयला नहीं निकाला जाए क्योंकि यह हसदेव बांगों का कैचमेंट एरिया है। इससे सिंचाई, थर्मल पावर प्रभावित होगा। घटना जंगल और वनस्पति नष्ट हो जाएंगे। आदिवासियों हटाया जाएगा। इसके बाद भारत सरकार ने 40 खदानों को डी नोटिफाई किया। दिसम्बर 2025 में किसके कहने पर, किसके दबाव में पत्र लिखकर तारा कोल ब्लाक को नीलामी में शामिल करने के लिए कहा, यह स्पष्ट होना चाहिए। मेरे इस सवाल का आज तक सीएम जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने सीएम को चुनौती दी कि जिस तरह से पंचायत मंत्री ने डीबेट में हिस्सा लिया उसी तरह से आप भी डीबेट में हिस्सा लें। झीरम काण्ड के फैसले पर पूर्व सीएम ने कहा कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने स्वीकार किया था कि सुरक्षा में चूक हुई लेकिन एक आरक्षक तक से पूछताछ नहीं हुई सजा तो दूर की बात है। सुरक्षा देने वाली एजेंसी से पूछताछ नहीं तो न्याय कैसे, यही से षड्यंत्र शुरू होता है।

3 वर्ष से फरार आरोपी को सोनहत पुलिस ने किया गिरफ्तार

बैकुंठपुर। जिले के सोनहत थाना पुलिस ने तीन वर्ष से फरार चल रहे आरोपी अब्दुल हनीफ को मनेन्द्रगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना सोनहत के अपराध क्रमांक 128/2023 में धारा 307, 109, 120-बी आईपीसी तथा अपराध क्रमांक 42/2020 में धारा 497, 511 आईपीसी के प्रकरण में फरार था। पुलिस ने आरोपी अब्दुल हनीफ पिता अब्दुल हामिद, उम्र 30 वर्ष, निवासी हीरालाल वार्ड, जिला मुंगेली को मनेन्द्रगढ़ से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद 17 सितंबर 2026 को आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट बैकुंठपुर के समक्ष पेश किया गया।

5 लाख रुपए में दी थी ससुर के कत्ल की सुपारी, पलामू से बुलाए तीन हत्यारे

- दामाद और हत्यारा समेत तीन गिरफ्तार, दो आरोपियों की तलाश जारी, घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या का मामला

अम्बिकापुर। शहर के रसूलपुर मोहल्ले में दिन दहाड़े घर में घुसकर बुजुर्ग की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस इस मामले दामाद समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो आरोपी फरार चल रहे है। दामाद ने ही पांच लाख रूपए में सुपारी देकर ससुर की हत्या की योजना बनाई थी।

बता दें कि 16 सितंबर की सुबह शहर के रसूलपुर मोहल्ले में दिनदहाड़े घर में घुसकर तीन हमलावरों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग बशीरुद्दीन सिद्दकी पर चाकू से हमला किया था। इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। बुजुर्ग की मौत के बाद उनकी पुत्री सादिया शारीन सिद्दीकी ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। इस दौरान उन्होंने बताया कि हमलावर घर में किराए का मकान देखने के नाम पर घुसे थे और फिर उनके पिटा बशीरुद्दीन सिद्दीकी पर जानलेवा हमला किया। महिला ने बताया कि उनका अपने पति मो. नाजिम शबा से तलाक को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है और पति के साथ ही ससुराल पक्ष के लोग तलाश का केस वापस लेने के लिए मायके पक्ष पर लगातार दबाव बना रहे थे और केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना की सूचना पर पहुंचे आईजी दीपक कुमार झा और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच और आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। इस दौरान थाना कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस टीम, फॉरेंसिक टीम दवरा जांच करने के साथ ही नाकेबंदी कर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस ने रनपुरखुर्द सरनापारा निवासी नाजिम शबा अ. मोईन अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी नाजिम ने पुलिस को बताया कि उसने अपने ससुर की हत्या करवाने के लिए एक व्यक्ति से 5 लाख रुपए में सौदा तय किया जिसके बाद पलामू चैनपुर से कंचन कुमार व दो अन्य आरोपी सरगुजा पहुंचे।

घर में रुकवाकर बनाई हत्या की योजना

आरोपी ने पुलिस को बताया कि कंचन कुमार व दो अन्य आरोपी पलामू से पहुंचे जिन्हें उसने अपने साथी डाकिया निवासी गुड्डू उर्फ नेजारुद्दीन के अजिरमा स्थित किराए के मकान में रुकवाया। इसी घर में मिलकर सभी ने हत्या और उसके बाद भागने की योजना बनाई। योजना के तहत कंचन कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से बुजुर्ग के घर पहुंचा और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी और झारखंड के पलामू चैनपुर इंद्रानगर निवासी 28 वर्षीय कंचन कुमार आ. स्व. अक्षय राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने नाजिम शबा के कहने पर अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक, खून लगा कपड़ा, बस का टिकट बरामद किया हाही। वहीं पुलिस ने इस वारदात में शामिल तकिया रनपुर निवासी 32 वर्षीय नेजारुद्दीन उर्फ गुड्डू आ. नसरुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 (1), 61(2), 238, 109(1), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

विश्वकर्मा मंदिर में हुई 108 थाली से महाआरती, जगह-जगह हुआ भंडारा

देवशिल्पी के जन्मोत्सव पर विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव शहर सहित पूरे जिले भर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर में परम्परानुसार विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए। औद्योगिक संस्थानों में एवं वर्कशॉप में देवशिल्पी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने भी वाहन, यंत्रों एवं उपकरणों को देवशिल्पी का अनुग्रह मानस पूजा-अर्चना की।

देवशिल्पी की जयंती पर विश्वकर्मा मंदिर में बुधवार को प्रारंभ हुए अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई। पाठ समापन के बाद विश्वकर्मा सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधि विधान से देव शिल्पी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान विश्वकर्मा चालीसा का सामूहिक पाठ उपरांत सदस्यों सामूहिक हवन किया। विश्वकर्मा मंदिर परिसर में अपराह्न 1.30 बजे से शाम तक भजन-कीर्तन चलता रहा। मंदिर में शाम को समिति के सदस्यों ने 108 थालियों को दीप से सजाकर देवशिल्पी की महाआरती की। महाआरती के बाद देर रात तक मंदिर में भण्डारा चला जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को समिति गाजे-बाजे के साथ देवशिल्पी की शोभायात्रा निकालकर शहर का भ्रमण करेंगे। शहर के औद्योगिक इकाइयों, वाहनों के शोरूम, मोटर गैरेज वर्कशॉप सहित अन्य कलपुर्जों से संबंधित संस्थानों में भी श्रद्धापूर्वक देवशिल्पी की प्रतिमा एवं फोटो स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर संस्थानों द्वारा कर्मचारियों को उपहार देने के साथ ही पूरे दिन छुट्टी रखी गई। इस अवसर पर संस्थानों एवं मशीनों की साफ-सफाई करने के साथ ही पूजा की गई। उद्यमियों ने अपने संस्थान की भव्य सजावट करने के साथ ही देवशिल्पी के जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। औद्योगिक इकाइयों में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

अस्पताल से छुट्टी के बाद रास्ते में पण्डो समुदाय की किशोरी की मौत, ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी लेकर लौट रही पण्डो समाज की किशोरी की रास्ते में मौत होने पर परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

रामचंद्रपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चूनापाथर निवासी 16 वर्षीया पूजा पण्डो पिता धनपत पण्डो की इलाज के अभाव में रास्ते में मौत हो गई। मृतका मिडिल स्कूल चूनापाथर में कक्षा 8वीं की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार पूजा की तबीयत लगभग अप्रैल से ही खराब चल रही थी। आर्थिक तंगी के कारण परिजन गांव के ही झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करा रहे थे। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन 12 सितम्बर को उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे। आरोप है कि 16 सितम्बर को रात्रि 11 बजे चिकित्सक एवं स्टाफ ने मौखिक छुट्टी लेकर परिजन को घर भेज दिया। परिजन किशोरी को निजी वाहन से घर ले जा रहे थे। वाहन में मृतिका के साथ उसकी बीमार माँ सुनीता पण्डो भी थी। रास्ते में रात्रि 2:30 बजे घाट पेंडारी के पास पहुंचते ही पूजा ने दम तोड़ दिया। मृतका की माँ सुनीता की भी तबीयत गंभीर बताई जा रही है। परिजन का कहना है कि पूजा की स्थिति गंभीर थी तो डॉक्टर एवं स्टाफ ने जानबूझकर उसे छुट्टी क्यों दी। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराने एवं दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

महाकाल सेवा समिति,आज़ाद ग्राउंड बिश्रामपुर।

मां भवानी गणेश पूजा समिति सामरी रोड।

नव युवक गणेश पूजन समिति सेमरा खुर्द अटल चौक।

गोधीनपुर सेवा समिति।

खबर संक्षेप

सिविल सेवा आचरण नियम के उल्लंघन पर डीईओ ने सहायक ग्रेड-3 को किया निलंबित

बिश्रामपुर। सूरजपुर डीईओ द्वारा 17 सितम्बर को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिस दौरान संस्था में कार्यरत देवी प्रसाद राजवाड़े सहायक ग्रेड 3 अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए,संस्था में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि देवी प्रसाद विगत कुछ दिनों से विद्यालय नहीं आ रहे हैं और जब विद्यालय आते हैं तो नशे की हालत में आते हैं,इनके द्वारा विद्यालय में सहकर्मियों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। देवी प्रसाद राजवाड़े द्वारा खण्ड-खण्ड में वेतन देयक तैयार किया जा रहा है,इनके द्वारा प्राचार्य एवं स्वयं का वेतन पहले आहरण कर लिया गया तथा दुसरी बार में संस्था में कार्यरत 14 कर्मचारियों का वेतन आहरण किया गया, बताया गया कि संस्था में कार्यरत 11 कर्मचारियों का वेतन देयक तैयार नहीं किया गया है जिससे संबंधित कर्मचारियों को माह अगस्त का वेतन आज तक अप्राप्त है,आदेश में उल्लेख किया गया कि देवी प्रसाद राजवाड़े का उक्त कृत्य शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासिनता को दर्शाता है जो छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरित है। प्रकरण में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा देवी प्रसाद राजवाड़े सहायक ग्रेड 3 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली सूरजपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया गया है।

अंबिकापुर तरुण सभा का चुनाव संपन्न चंद्रशेखर गुप्ता अध्यक्ष मनोनीत

अंबिकापुर। बुधवार को शहर के तरुण सभा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में चंद्रशेखर गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन प्रक्रिया केसरवानी वैश्यसभा सभा की पूर्व अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं तरुण सभा के पूर्व अध्यक्ष चंद्रधर केसरी एवं महिला सभा अध्यक्ष गुप्ता के एवं समस्त कार्यकारिणी के नेतृत्व में संपन्न हुई। सभा की बैठक में सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर गुप्ता को अंबिकापुर तरुण सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सोनू गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा दुर्गेश गुप्ता को महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारियों के मनोनयन के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय का समर्थन किया। नव नियुक्त अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि तरुण सभा को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।

जपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष बने अनिल अग्रवाल

सीतापुर। जनपद पंचायत क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास को गति देने प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ का गठन किया। जिसमे जनपद पंचायत सीतापुर के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल को सर्वसम्मति से प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बेलगांव क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव जीतने वाले अनिल अग्रवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष है। जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए अनिल अग्रवाल ने कहा कि वो संघ द्वारा दिये गए इस दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

दो किमी जर्जर सड़क व गड्ढों से आवागमन करना हुआ मुश्किल

बदहाल सड़क की मरम्मत के लिए एक जुट हुए ग्रामीण, खुद कर रहे मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

लगातार हुई बारिश के बाद पक्की सड़क भी जर्जर हो चुकी है ऐसे में कच्ची सड़क की स्थिति क्या होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। ग्राम पंचायत पुतकी के खुटरीपारा की दो किमी कच्ची सड़क बारिश के बाद और भी जर्जर हो गई है। सड़क की हालत ऐसी है कि वाहन से चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और बड़े पत्थर होने से क्षेत्र के लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के ग्रामीणों सड़क की समस्या से जनप्रतिनिधि को अवगत नहीं कराया गया बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। लंबे समय से जर्जर सड़क की दंश झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीणों ने खुद ही सड़क मरम्मत करने की जिम्मेदारी उठाई और सड़क की मरम्मत शुरू कर दी है।

खास बात

- कई कार्यों के भुगतान लंबित होने का लगाया आरोप

ग्राम पंचायत पुतकी के खुटरीपारा में करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क लंबे समय से खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार समस्या से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में स्वयं सड़क की मरम्मत के लिए आगे आना पड़ा। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से जंगली हाथियों की मौजूदगी भी बनी हुई है। ऐसे में गांव के सभी पारा-मोहल्ला तक वन विभाग का कैपर वाहन नहीं पहुंच पाने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि खराब सड़क के कारण आपात स्थिति में वन विभाग की टीम को भी प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है। बदहाल सड़क की समस्या से परेशान होकर ग्रामीण स्वयं सड़क सुधार कार्य में जुटे। सड़क मरम्मत में सहदेव, बिजेंद्र, महेंद्र, विजय, शिव, राजू, परवीन, मोनू, ढाकेश्वर, जागेश्वर, नरेश, रामकुमार और पंकदास सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया। ग्रामीणों के इस प्रयास से एक ओर सड़क की तत्काल समस्या को कम करने का प्रयास किया गया, वहीं दूसरी ओर पंचायत और प्रशासन का ध्यान गांव की मूलभूत समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया।

सड़क मरम्मत करते ग्रामीण।

सचिव पर मनमानी का आरोप

ग्राम पंचायत के पंच रामरतन खैरवार ने आरोप लगाया कि गांव में एक ओर जंगली हाथियों का खतरा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर पंचायत सचिव की कार्यशैली को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत में कई कार्य कराए गए, लेकिन संबंधित कार्यों का भुगतान समय पर नहीं किया गया। अनुराग सिंह गुर्जर और अवलेंद्र गुर्जर ने बताया कि सचिव की कार्यशैली को लेकर जनपद सीईओ कार्यालय में शिकायत भी की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

जेसीबी मालिकों का नहीं हुआ भुगतान

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदू चौक से कुल्लूघाटिया तक बीडीसी मद से करीब 1.70 लाख रुपये की लागत से मुरमीकरण का कार्य कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य की राशि आहरित कर ली गई। इसी तरह ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जेसीबी मशीन से करीब तीन दिन काम कराया गया था, लेकिन संबंधित मशीन मालिक को लगभग एक वर्ष बाद भी भुगतान नहीं मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों के कारण अब मशीन संचालक गांव में काम करने से भी बच रहे हैं। मशीन मालिकों की शिकायत है कि काम कराने के बाद भुगतान समय पर नहीं किया जाता।

नहानी और ढोंढी निर्माण की भुगतान लंबित

ग्रामीणों के अनुसार गांव में एक नहानी और दो ढोंढी के निर्माण करीब 1.10 लाख रुपये की लागत के आसपास कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इन कार्यों का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। इन सभी आरोपों से संबंधित अभिलेख, भुगतान विवरण और पंचायत के दस्तावेजों की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

उच्चस्तरीय जांच और स्थानांतरण की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों कहना है कि पंचायत में कराए गए कार्यों, आहरित राशि, लंबित भुगतान और संबंधित अभिलेखों की जांच कराई जाए। यदि जांच में वित्तीय अनियमितता या लापरवाही प्रमाणित होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव के स्थानांतरण की मांग भी प्रशासन से की है।

रेड क्रॉस और दीनहीन सेवा समिति के शिविर में कलेक्टर ने किया रक्तदान

बलरामपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय बलरामपुर में रक्तदान महाअभियान आयोजित किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी और दीनहीन सेवा समिति के सहयोग से लगे इस शिविर में प्रातः 10 बजे कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, रक्तदाता और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी और शल्य चिकित्सा जैसी आपात स्थितियों में समय पर मिला रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। उन्होंने युवाओं, शासकीय सेवकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। जिलेवासियों ने रक्तदाता बनकर सेवा भाव का परिचय दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा मार्ग को प्रशस्त करते हुए अभियान को सकारात्मक दिशा दी।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम प्रजापति आ.स्व. बैजनाथ राम जाति कुम्हार निवासी वार्ड नंबर 19 घासीदास वार्ड मिशन चौक केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नंबर 193/19 रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदक कृष्णा कुमार प्रजापति आ.हरिराम प्रजापति व अन्य निवासी वार्ड नंबर 19 घासीदास वार्ड मिशन चौक केदारपुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 05.10.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 10/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील आ. बसंत राम व अन्य निवासी साडबार तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सांडबार स्थित भूमि खसरा नंबर 54/1 रकबा 0.251 हे. मेसे रकबा 0.036 हे. भूमि को अनावेदक फुलमनी पुत्री कैलाश निवासी ग्राम बेलकोटा तहसील बतौली जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 7,00,0000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 05.10.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 10/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

48 घंटे में दिव्यांग रनिया सिंह को मिली ट्राई-साइकिल

ओड़गी। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। जिले के विकासखंड ओड़गी के ग्राम इन्दरपुर निवासी दिव्यांग रनिया सिंह चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण दूसरों पर निर्भर थीं। उनकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज सेवी आशीष सिंह की पहल पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के संवेदनशील मार्गदर्शन में प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया और समाज कल्याण विभाग द्वारा महज 48 घंटे के भीतर रनिया सिंह को ट्राई-साइकिल उपलब्ध करा दी गई। ट्राई-साइकिल मिलने पर रनिया सिंह और उनके परिजनों ने खुशी व्यक्त की। अब रनिया सिंह को रोजमर्रा के कामों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

वाटरशेड ऑर्गनाइज ट्रस्ट ने लगाया पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण शिविर

बिहारपुर। वाटरशेड ऑर्गनाइज ट्रस्ट द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से चांदनी क्षेत्र के 12 गांवों में पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। अभियान के तहत करौटी, चोगा, कच्छीया, मोहरसोप, बसनारा, कोलहुवा, अवंतिकापुर, महुली, खोहिर, रामगढ़, उमझर एवं सेमरा गांवों में शिविर लगाए गए। शिविर में कुल 169 किसानों के पशुओं का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान 855 गौवंशीय पशु, 33 भैंस, 1,000 मुर्गियां, 244 बकरियां एवं 14 सूकर का उपचार किया गया। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। चिकित्सकों ने पशुओं को संतुलित आहार देने, उचित चारा प्रबंधन तथा आवश्यकता पड़ने पर घरेलू स्तर पर किए जा सकने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। पशुपालकों को समय पर टीकाकरण कराने और पशुओं के स्वास्थ्य पर नियमित निगरानी रखने के लिए प्रेरित किया गया।





भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEARS Legacy in Education

प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

लॉ (कानून)- लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन

विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IFS, IRS, IES, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

Paramedical Courses (1Year)
- Panchakarma Therapist
- Ayurvedic Pharmacist

Eligibility: 12th Pass (Biology) with Minimum 50% Marks

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता

मेरिट के आधार पर प्रवेश परीक्षा हेतु तृतीय आवेदन की अंतिम तिथि : 19.09.2026

Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

Engineering
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

Public Health
- MPH (Master of Public Health)

Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

Science
B.Sc. (Hons)/ M.Sc.
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.

B.A.(Hons)/ M.A.
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science

- B.Com.(Hons)
- M.Com.
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

Ph.D. Available in all Major Subject

- प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2026

Website : www.bhartiuniversity.org

फॉरेंसिक साइंस- भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉंच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...

''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

TOP RECRUITERS: WIPRO LTD. · ASHOK L bY LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS Ltd. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. · CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. · ULTRATECH CEMENT · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED

6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन
- फिटर } 2 वर्ष
- कोपा
- स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

खबर संक्षेप

धूमधाम से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

बिहारपुर। क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर लोगों ने अपने वाहनों, कृषि उपकरणों, मशीनरी एवं अन्य कामकाजी साधनों की साफ-सफाई कर फूल-मालाओं से सजाया तथा पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। लोगों ने घरों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की, जबकि दुकानों, वर्कशॉप और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई।

सपहा के ग्रामीण मांगों को लेकर कर रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल

बिहारपुर। ग्राम पंचायत सपहा में मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर वार्ड पंच लालजी बौद्ध के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। आंदोलनकारियों के अनुसार सुशासन तिहार 2025-26 और जनदर्शन में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत मांगों एवं समस्याओं का अब तक निराकरण नहीं किया जा सका है। आंदोलनकारियों के अनुसार वर्ष 2025 में 109 दिनों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद अधिकारियों की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का लिखित आश्वासन दिया था। मांगे पूरी नहीं होने पर 21 अप्रैल 2026 से ग्रामीण पुनः आंदोलन कर रहे हैं तथा आंदोलन के 260 दिन पूरे होने का दावा कर रहे हैं। ज्ञापन में पेयजल, सड़क, पुलिया, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास, नल-जल, वन अधिकार पट्टा, राशन, एंबुलेंस और खेल मैदान आदि की मांगें शामिल हैं।

रविंद्र तिवारी बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सरगुजा संभाग प्रभारी

अम्बिकापुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से रविंद्र तिवारी को प्रकोष्ठ का सरगुजा संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। रविन्द्र तिवारी वर्तमान में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष हैं। साथ ही वे छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन तथा अटल आजीविका समृद्धि हाट समिति के सदस्य की जिम्मेदारी भी निर्वहन कर रहे हैं।

छात्रा के आत्महत्या मामले में छात्र ज्ञान तिवारी का प्रवेश निरस्त

अम्बिकापुर। पीजी कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में गांधीनगर पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में एनएसयूआई नेता ज्ञान तिवारी के विरूद्ध अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में पीजी कॉलेज प्रबंधन ने आरोपी छात्र के प्रवेश को निरस्त कर दिया है। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि ज्ञान तिवारी पीजी कॉलेज में एमए इतिहास प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। कॉलेज के ऑडिटोरियम में 7 सितम्बर को आयोजित विवादास्पद प्रेशर कार्यक्रम में ज्ञान तिवारी की भूमिका को लेकर 11 सितम्बर को नोटिस जारी की गई थी जिसका जवाब छात्र द्वारा नहीं दिया गया है। महाविद्यालय की अनुशासन समिति एवं रैगिंग समिति की बैठक में लिए गए निर्णय तथा छात्रा बीए प्रथम की छात्रा अंतरा शाह की आत्महत्या प्रकरण में नाम शामिल होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 की कंडिका 92 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत आरोपी छात्र का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

कांग्रेस मना रही वादा खिलाफी दिवस, सेवा संकल्प अभियान और भाजपा सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि देश व प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा व सरकार मिलकर सेवा संकल्प दिवस के रूप में मना रही है और करोड़ो दीप जलाए जा रहे है। मै पीएम को बधाई देता हूं और उनके दीर्घायु की कामना करता हूं लेकिन हमारा सवाल यह है कि सीएम और फिर पीएम रहकर इन 25 वर्षों में उन्होंने देश को किया दिया है महंगाई, बेरोजगारी, किसानों से धोखा के आलावा। इसलिए इसलिए कांग्रेस ने प्रदेश में इसे महंगाई दिवस, बेरोजगारी और किसानों से वादा खिलाफी दिवस के रूप में मना रही है। पीएम बनने से पहले नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि 100 दिनों में महंगाई कम की जाएगी, दो करोड़ नौकरी दी जाएगी, हवाई चप्पल पहनने वाले को जहाज पर बैठने का मौका मिलेगा।

खास बात

- 100 दिन में महंगाई कम करने, 15 लाख रूपए, 2 करोड़ नौकरी जैसे मुद्दों पर पूछे सवाल

किसानो की आय दोगुनी होगी इसके साथ ही अन्य वादे किए गए थे लेकिन क्या हुआ। पीसीसी चीफ दीपक बैज गुरुवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सरगुजा संभाग स्तरीय कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समाप्त हुआ। समापन अवसर पर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन किया गया और ध्वज को सलामी दी गई। समापन उपरान्त पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि वर्तमान में महंगाई चरम पर है, मिलावटी पेट्रोल डीजल का रेट आसमान छू रहा है, लोगों के खातों में 15 लाख रूपए नहीं आए। सरकार ने जनता से झूठ बोलने का काम किया है। आज युवा पेपर लीक से परेशान है, सेना की भर्ती को घटाकर 4 साल आकर दिया गया है और लोगों को नौकरियां नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि छग की बात की जाए तो मोदी की गारंटी के तहत एक लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा था लेकिन ढाई साल में 5 हजार को भी नौकरी नहीं मिली, युवा धरना दे रहे है। मोदी की गारंटी के नाम पर 500 रूपए में गैस देने का वादा था, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, रसोईया को कलेक्टर दर पर वेतनमान देने का वादा पूरा नहीं हुआ। किसान आज प्रदेश में धान बेचने के लिए तरस रहा है। छग में भी भाजपा ने झूठ बोलकर सत्ता हासिल की।

पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि पीएम का कार्यकाल देश की जनता के लिए फेलियर रहा, भगवान राम के नाम पर झूठ बोलने का काम किया गया है। मंदिर में चढ़ावा चोरी भाजपा आरएसएस ने किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जन्मदिन पर संकल्प लिया गया है दिया जलाने का लेकिन तेल महंगा हो गया है मत खाओ, विदेश मत जाओ, सोना मत खरीदो, गाड़ियों का कम उपयोग करों जैसे आह्वान करने के बाद करोड़ो दिया जलाया जा रहा है। हमारा सवाल है कि इतना पैसा कहां से आ रहा है। सरकार को इसका हिसाब देना चाहिए, वर्तमान में तेल महंगा हो गया है इसलिए भाजपा पानी से दीया जलाए। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, मलकीत सिंह गैदु, सरगुजा जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, अजय अग्रवाल, आदित्येश्वर शरण सिंहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

चर्चा करते पीपीसी चीफ, पूर्व डिप्टी सीएम, विस नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य।

फील्डिंग में ही गिर रहे विकेट, बैटिंग शुरू होने पर टिक नहीं पाएगी सरकार : दीपक

संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम अपने संगठन और कार्यकर्ताओं को मजबूत करने का काम कर रहे है और 2028 में विस चुनाव में मजबूती से लड़ाई लड़कर सरकार बनाएंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सरकार के मंत्री सवालों का जवाब तक नही दे पा रहे है। भाजपा ने इस्तीफे का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अभी फील्डिंग कर रही है और अभी से भाजपा के विकेट गिरते जा रहे है जब हम बैटिंग करेंगे तो सरकार टिक नहीं पाएगी। श्री बैज ने कहा कि 2028 में हमारा मिशन सरगुजा होगा और कांग्रेस के बार फिर से 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी। हमारा मकसद कांग्रेस की सरकार लाना है, सरकार आएगी तो सीएम का निर्णय आला कमान लेगी, हमारे पास सीएम पद के लिए अनेकों योग्य नेता है। उन्होंने कोल खदानों के आबंटन और कटते जंगल को लेकर कहा कि इसे लेकर कांग्रेस की रणनीति क्लीयर है। आदिवासी, किसान के बाद हम जल-जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ेंगे। हसदेव तारा को बचाने हमारी सरकार ने नीलामी रोकने की चिट्ठी लिखी थी, विस में संकल्प पास किया लेकिन इस सरकार ने सत्ता में आते ही खदान को नीलामी में शामिल करने का काम किया। आने वाले समय में राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आएंगे और बस्तर एवं सरगुजा में हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

हमारे नेताओं की हत्या थी सुपारी किलिंग : बैज

झीरम कांड पर आए फैसले को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि जिन दस लोगों को फांसी की सजा दी गई वो छोटे नक्सली थे जिनका काम राशन लाना, गड्ढे खोदना, मुखबिरी करना था। उनको पकड़कर एनआईए ने खानापूर्ति की है। कांग्रेस का सवाल है कि क्या झीरम कांड में सिर्फ दस नक्सली थे, जिसमें हमारे नेता और जवान शहीद हुए। घटना के समय 500 से 1 हजार तक नक्सली और दर्जनभर नक्सली लीडर थे जो इस नरसंहार को लीड कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े नक्सली सरेंडर के बाद सरकार के संरक्षण में है, जांच में उनका नाम क्यों नहीं आया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और एनआईए ने मिलकर बड़े टॉप नक्सलियों को बचाने का काम किया। यह सडयंत्र है, नक्सलियों और सरकार ने मिलकर सुपारी किलिंग की थी। आज भी सांठगांठ है, जो सरकार के गोद में बैठे है उनको सजा क्यों नहीं हो सकती। छोटे नक्सली इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सकते इसलिए हमारे लिए यह न्याय अधूरा है, बड़े घटनाओं के नक्सलियों को क्या सरकार ने माफ कर दिया, यह हमारा सवाल है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हमारी लड़ाई जारी रहेगी। नक्सलियों के खात्मे के सवाल पर बैज ने कहा कि हम चाहते है कि बस्तर से हर तरह से नक्सली खत्म हो, कांग्रेस ने नींव बनाया और बस्तर की जनता ने मदद की इसलिए नक्सल खामता की ओर है। कुछ नक्सली बचे है जिन्होंने सरेंडर नहीं किया और ये चिंता का विषय है।

छोटे कैडर से घटना संभव नहीं : सिंहदेव

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने झीरम कांड फैसले को लेकर कहा कि एनआईए का फैसला आया जिसमें दस लोगों को फांसी की सजा दी गई लेकिन सवाल यह है कि इतनी बड़ी घटना होने कैसे दी गई। शासन प्रशासन का तन्त्र दो दिन पूर्व तक सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान कर रहा था लेकिन तीसरे दिन एक भी रोड ओपनिंग पार्टी नहीं थी। उन्होंने कहा कि घटना के समय हजार की संख्या में नक्सली थे, यह घटना किसी छोटे कैडर से संभव नहीं है। जिन नेताओं को बंधक बनाकर जमीन पर लिटाया गया था उन्होंने बताया कि घटना के समय नक्सली कमांडर वाकी टोकी से बात कर रहे थे। हमारा सवाल है कि आखिर तीसरे दिन सड़क पर एक भी बल तैनात क्यों नहीं था, जब तक इसका जवाब नहीं मिलता न्याय पूर्ण होने का प्रश्न ही नहीं उठता। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और यूपीआई में टैक्स लगे जाने को लेकर कहा कि जिस सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाने का आशासन दिया था कि कोई शुल्क नहीं लगेगा अब अमेरिका के दबाव में छोटी छोटी राशि का व्यवसाय और भुगतान करने वालों से भी कर लेने का निर्णय लिया है। इस बात को सामने रखकर की कुछ फ्री नहीं होता जबकि 80 करोड़ को राशन दे रहे। सरकर जनता पर बोझ डालते जा रही है।

सरकार के पास गड्ढा पाटने का पैसा नहीं : महंत

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। इस सरकार में गड्ढा पाटने तक का पैसा नहीं है। यह प्रदेश की जनता देख रही है, आज चुनाव हो जाए तो भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमने 136 बिन्दुओं पर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया लेकिन सरकार से कोई जवाब नहीं मिला। सरगुजा में पेड़ कटाई, हसदेव अरण्य, मानव हाथी द्वन्द, हत्याएं, छात्रवास में हो रही घटनाएं सभी कांग्रेस की नजर में है। सरगुजा और बस्तर कांग्रेस का गढ़ है। इसलिए इन क्षेत्रों की समस्यों और मुद्दों को लगातार सदन में उठाया जाएगा।

भैयाथान क्षेत्र में 34 करोड़ की लागत से होंगे विभिन्न निर्माण

बेहतर सड़कें ग्रामीण विकास की मजबूत नींव, गुणवत्तापूर्ण निर्माण से बढ़ेंगे विकास के अवसर : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भैयाथान क्षेत्रवासियों को सड़क विकास की बड़ी सौगात देते हुए 34 करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों का कार्य प्रारम्भ पूजन किया। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच बेहतर होगी तथा क्षेत्र में विकास की गति को नई दिशा मिलेगी।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़कें विकास की जीवन रेखा हैं। मजबूत और बेहतर सड़क नेटवर्क से गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ती है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। सरकार का प्रयास है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना पहुंचे और लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं का लाभ किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों सहित आम नागरिकों को मिलेगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत और टिकाऊ अधोसंरचना ही विकास कार्यों का स्थायी लाभ लोगों तक पहुंचा सकती है।

डुमरिया राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से केंवरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नयन शामिल है। लगभग 30.41 करोड़ रुपये की लागत से 18 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत बिटुमिनस कंक्रीट एवं शोल्डर कार्य के साथ 6,570 मीटर नाली, 300 मीटर टो-वॉल, 140 मीटर रिटेनिंग वॉल, 8 एचपीसी तथा 7 स्लैब पुलियों का निर्माण किया जाएगा। सड़क के उन्नयन से राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और आवागमन सुविधा बेहतर होगी। इसी क्रम में झम्मनपारा में दर्रीपारा से दनौली तक 3.20 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भी कार्य प्रारंभ पूजन किया गया। इस कार्य के लिए 374.76 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना में 3.20 किलोमीटर सड़क, 0.90 किलोमीटर सीसी रोड, 1,200 मीटर नाली, 90 मीटर रिटेनिंग वॉल तथा 6 एचपीसी पुलियों का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

अवैध जमीन कब्जे की शिकायत पर विधायक टोप्पो का कड़ा रुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

विधानसभा क्षेत्र में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर आयोजित जनसुनवाई के दौरान अवैध रूप से जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

- संबंधित अधिकारी को दिए जांच के निर्देश, कर्मचारियों की संलिप्तता मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

विधायक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जांच के दौरान यदि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी की अवैध रूप से जमीन पर कब्जा दिलाने या मामले में किसी प्रकार की संलिप्तता सामने आती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि भूमि संबंधी मामलों में किसी भी प्रकार की मनमानी अथवा अवैध कब्जे की स्थिति भविष्य में ग्राम एवं नगर के आमजन के लिए गंभीर समस्या का कारण बन सकती है। साथ ही अवैध रूप से भूमि पर काबिज व्यक्तियों को भी भविष्य में कानूनी एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे मामलों में प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आमजन के अधिकारों की रक्षा हो सके और भूमि विवादों को बढ़ने से रोका जा सके।

पीएम के जन्मदिवस पर भाजयुमो ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

अम्बिकापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस भाजयुमो ने जिलाध्यक्ष निशांत सिंह सोलू के नेतृत्व में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, मधुसूदन शुक्ला, विकास पाण्डेय, जन्मेजय मिश्रा आदि ने रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस को सेवा के संकल्प के रूप में मनाते हुए रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत सिंह सोलू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन जनसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। उनके जन्मदिवस पर 25 साल जनसेवा राष्ट्र सेवा को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाते हुए युवा मोर्चा ने यह रक्तदान शिविर आयोजित किया है। इस दौरान अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, निरूपा सिंह, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अनिल जायसवाल, आलोक दुबे, विपिन पाण्डेय, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजयुमो ने जिला चिकित्सालय में लगाया रक्तदान शिविर

सूरजपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के बेदाग व समर्पित जनसेवा कार्यकाल पूर्ण होने तथा उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों सहित भारी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प दोहराया। शिविर के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रधानमंत्री के सेवा संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवाओं द्वारा उठाया गया यह कदम अत्यंत प्रेरणादायी और सराहनीय है। इस दौरान शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, संत सिंह, रितेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, श्रीमती स्वाति सिंह, शैलेश गोयल, यशवंत सिंह, जनपद सभापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

शंकरगढ़। नारनौंदिया मित्तल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। कथा स्थल पर पहुंचने पर मित्तल परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कथा वाचक आचार्य कृष्ण रेणु गोविंद प्रपन्नाचार्य के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। कथा श्रवण के पश्चात उन्होंने कथा वाचक से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य कृष्ण रेणु गोविंद प्रपन्नाचार्य ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। आप एक बार फिर सत्ता में आएं, ऐसी मेरी कामना है। किंतु सत्ता में आने के बाद जनहित से जुड़े निर्णय आप स्वयं लें, हाईकमान पर निर्भर न रहें। उनके इस कथन के दौरान कथा स्थल पर मौजूद लोगों का ध्यान भी इस ओर आकर्षित हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक महेश्वर पैकरा, कांग्रेस नेता दानिश रफीक, शशि सिंह, बृजेश यादव, राहुल गुप्ता, मनोज अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।